R. No. - 1556

HARYANA CIVIL SERVICES (JUDICIAL BRANCH) MAIN WRITTEN EXAMINATION-2024
HINDI

Time: Three Hours **Maximum Marks: 100**

नोटः
1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्नों का उत्तर उसी क्रम में दें, जिस क्रम में प्रश्नपत्र में दिए गए हैं।
3. को अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका प्रदान नहीं की जाएगी।

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें।

There are several forms of democracy, some of which provide better representation and more freedoms for their citizens than others. However, if any form of democracy is not carefully legislated to avoid an uneven distribution of political power with checks and balances for the separation of powers, then a particular branch of the system of rule is able to accumulate power in a way that is harmful to democracy itself. The "majority rule" is often described as a characteristic feature of democracy, but without responsible government, it is possible for the rights of a minority may be abused by the "tyranny of the majority". An essential process in representative democracies are competitive elections that are fair both substantively and procedurally. Furthermore, freedom of political expression, freedom of speech and freedom of the press are essential so that citizens are informed and able to vote in their personal as well as national interest. (20 Marks)

प्रश्न 2 (क) निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या सरल हिंदी में करें:

एक निर्धन महिला एक बार बुद्ध के पास आई और उसने उनसे कहा कि क्या वे उसके मरे हुए बच्चे को पुनर्जीवित करने की दवा दे सकते हैं। बुद्ध, स्त्री के महान दुख से दुःखी हुए, वे उससे बोले कि केवल एक दवा है जिससे तुम्हारा बेटा पुनर्जीवित हो सकता है। उन्होंने उसको आदेश दिया कि तुम उस घर से एक मुट्ठी सरसों के दाने (बीज) लाओ जिस घर में मृत्यु का कभी प्रवेश नहीं हुआ हो। शोकमग्न माँ द्वार–द्वार पर गई और सरसों के दाने माँगे, परन्तु हर द्वार पर उसको शोकपूर्ण उत्तर मिले। एक ने कहा, "मेरा पति मर गया।" दूसरे ने कहा "गत वर्ष हमारा सबसे छोटा बच्चा मर गया।" वह भारी दुख के साथ महात्मा के पास लौट आई और अपनी खोज का परिणाम बताया। तब बुद्ध ने करुणापूर्ण शब्दों में कहा कि उसको अपने दुःख के विषय में अधिक नहीं सोचना चाहिए, क्योंकि शोक और मृत्यु सबके साथ जुड़े हैं। (15 Marks)

(ख) निम्नलिखित पद्यांशों/दोहों की व्याख्या करें:

(I) चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ।
चाह नहीं, प्रेमी–माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ।
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर, हे हरि डाला जाऊँ।

Join on Telegram- @lawspheree

चाह नहीं, देवों के सिर पर चढ़ भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली।
उस पथ में तुम देना फेंक।।
मातृ भूमि पर शीश चढ़ाने।
जिस पथ जायें वीर अनेक।। (7 ½ Marks)

(ii) जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान,
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान। (7 ½ Marks)

प्रश्न 3

(क) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखें:

(i) ग्यान
(ii) क्रितघन
(iii) शारिरिक
(iv) श्रृंगार
(v) प्रतिष्टा
(vi) रिणी
(vii) कार्यकर्म
(viii) दुरलभ
(ix) पूर्वाहन
(x) शिखिर

(5 Marks)

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध रुप लिखें:

(i) इसे सप्रमाण सहित प्रस्तुत करें
(ii) यह सबसे श्रेष्ठतम है
(iii) चिड़िया गा रही है
(iv) मानव ईश्वर की सबसे उत्कृष्टतम रचना है।
(v) बिना पुस्तकों के कैसे पढ़ोगे (5 Marks)

प्रश्न 4 निम्नलिखत मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें:

(i) टेढ़ी खीर
(ii) सब धान बाईस पेसरी
(iii) काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती
(iv) गूलर का फूल
(v) ओखली में सिर देना
(vi) गुड़ गोबर करना
(vii) तिल का ताड़ बनाना
(xiii) एक ही थाली के चट्टे बट्टे
(ix) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद
(x) पानी पानी होना

(10 Marks)

प्रश्न 5 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें:

(i) समलैंगिक विवाह
(ii) मीडिया और समाज
(iii) आतंकवाद एक चुनौती
(iv) पर्यावरण का संकट
(v) बदलते सामाजिक मूल्य

(30 Marks)

***

Join on Telegram-
@lawspheree